## पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र

- विश्वरंग 2025 के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलम्पियाड 2025 के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।
- भारत के प्रत्येक राज्य में सफल एवं विदेशों में प्रत्येक देश के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।
- सभी सफल प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।
- संस्था स्तर पर भी अलग-अलग स्तरों पर पुरस्कार दिये जायेंगे।

**ओलम्पियाड विजेताओं को मिलेंगे आकर्षक पुरस्कार**

**पुरस्कार राशि ₹ 1 करोड़ से अधिक**

**ओलम्पियाड में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रदान किये जाएँगे आकर्षक प्रमाणपत्र**

### संयोजन

टैगोर अंतरराष्ट्रीय हिंदी केन्द्र (भारत) तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 1000 से अधिक सहयोगी संस्थाएँ

DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY | AISECT UNIVERSITY | SCOPE GLOBAL SKILLS UNIVERSITY

### संपर्क करें

**विश्वरंग फाउंडेशन, रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय**

बंगरसिया चौराहा के पास, भोपाल-चिकलोद रोड, जिला-रायसेन (म.प्र.)

श्री राजेश शुक्ला - 0755-2434711, +91 91114 11555

श्री राजेश पंडा - 0755-2432812, +91 98263 52299

विश्वरंग के इस अनूठे प्रयास का हिस्सा बनें और हिंदी भाषा, साहित्य व संस्कृति के इस महोत्सव में भाग लें!

विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलम्पियाड की विस्तृत जानकारी हेतु हमारी वेबसाइट पर लॉग ऑन करें

www.vishwarang.com    Follow us on

RNTU Rabindranath TAGORE UNIVERSITY | TAGORE INTERNATIONAL LITERATURE & ARTS FESTIVAL विश्व रंग — भारतीय संस्कृति, वैश्विक मंच! | वनमाली सृजन पीठ

# विश्व रंग फाउंडेशन (भारत)
## रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल (भारत) एवं वनमाली सृजन पीठ का संयुक्त आयोजन

# विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलम्पियाड 2025

**14 से 30 सितंबर, 2025**

50 से अधिक देशों में 14 से 30 सितंबर के बीच आयोजन

भारत सहित विश्व के 50 से अधिक देशों में आयोजन

₹ 1 करोड़ से अधिक के आकर्षक पुरस्कार

## परिचय

विश्वरंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलम्पियाड 2025, विश्वरंग के आयोजनों से उत्पन्न ऊर्जा को और अधिक विस्तारित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। वर्तमान में भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी भारतीय कला, साहित्य और संस्कृति के प्रति रुझान बढ़ा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने भी मातृभाषा के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा दिया है। आज हिंदी भाषा रोजगार के नए अवसर सृजित करने में भी सक्षम हो रही है।

विश्वरंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलम्पियाड 2025, हिंदी भाषा, साहित्य, कला और संस्कृति को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने का एक अनूठा प्रयास है। यह ओलंपियाड न केवल हिंदी भाषा को बढ़ावा देने का माध्यम बनेगा, बल्कि इसे एक सशक्त संचार और रोजगारोन्मुख भाषा के रूप में स्थापित करने में भी सहायक सिद्ध होगा।

बीते कुछ वर्षों में न केवल भारत में, बल्कि विदेशों में भी हिंदी भाषा और भारतीय संस्कृति के प्रति रुचि में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। भारतीय प्रवासी समुदाय और विदेशी विश्वविद्यालयों में हिंदी अध्ययन का बढ़ता प्रभाव इस बात का प्रमाण है कि हिंदी अब केवल एक भाषा नहीं, बल्कि वैश्विक संचार का एक महत्वपूर्ण साधन बन रही है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 ने हिंदी भाषा को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया है। यह नीति मातृभाषा और क्षेत्रीय भाषाओं के माध्यम से शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ हिंदी के व्यापक प्रचार-प्रसार को भी बल देती है। इस नीति के तहत हिंदी भाषा को रोजगार के नए अवसरों से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है, जिससे युवा वर्ग को हिंदी के माध्यम से भी उज्ज्वल भविष्य की संभावनाएँ मिल रही हैं।

विश्वरंग के पिछले आयोजनों ने कला, साहित्य और संस्कृति को नए आयाम दिए हैं। यह ओलंपियाड, हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार की इस ऊर्जा को और अधिक विस्तारित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस आयोजन का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर हिंदी को लोकप्रिय बनाना, नई पीढ़ी को इससे जोड़ना और भाषा के माध्यम से सांस्कृतिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करना है।

विश्वरंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025, हिंदी भाषा को एक नई ऊँचाई देने का संकल्प है। यह आयोजन हिंदी के प्रति प्रेम और जागरूकता को बढ़ाने के साथ-साथ इसे एक व्यावहारिक और रोजगारपरक भाषा बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वैश्विक स्तर पर हिंदी की प्रतिष्ठा बढ़ाने के इस प्रयास से भाषा प्रेमियों को एक सशक्त मंच मिलेगा, जिससे हिंदी का भविष्य और अधिक उज्ज्वल बनेगा।

## विश्वरंग हिंदी ओलम्पियाड का समय एवं स्वरूप

- **तिथि** : 14 सितंबर 2025 (हिंदी दिवस) से 30 सितंबर 2025 (अंतरराष्ट्रीय अनुवाद दिवस) तक।
- **माध्यम** : ऑफलाइन / ऑनलाइन
- **भागीदारी** : संपूर्ण विश्व के प्रतिभागियों के लिए।
- **पंजीयन शुल्क** :
  - 200 रुपये प्रति प्रतिभागी।
  - संस्थानों का पंजीकरण नि:शुल्क किया जाएगा।

## ओलंपियाड की श्रेणियां

- **प्रथम स्तर** : कक्षा 2 तक।
- **द्वितीय स्तर** : कक्षा 5 तक।
- **तृतीय स्तर** : कक्षा 8 तक।
- **चतुर्थ स्तर** : कक्षा 12 तक।
- **पंचम स्तर** : स्नातक स्तर तक।
- **षष्ठम स्तर** : स्नातकोत्तर स्तर तक।

## महत्वपूर्ण तिथियां

- **21 फरवरी 2025 ( अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस ):** पोस्टर रिलीज।
- **15 जुलाई 2025 :** पंजीयन प्रारंभ।
- **14 से 30 सितंबर 2025 :** ओलम्पियाड का आयोजन।